गंगा और यमुना नदियों के जल में राजस्थान का हिस्सा

1775. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा और यमुना नदियों के जल में राजस्थान का हिस्सा कितना है ;

(ख) इन नदियों के जल के बंटवारे के संबंध में कब तक निर्णय ले लिए जाने की संभावना है ;

(ग) क्या यह सच है कि केंद्रीय सरकार उक्त नदियों के जल के बंटवारे के संबंध में निर्णय लेने में टालमटोल कर रही है ; और

(घ) यदि नहीं, तो यह निर्णय किस वर्ष और किस तारीख तक ले लिए जाने की संभावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) से (घ) राजस्थान सहित बेसिन राज्यों के बीच उपलब्ध यमना जल का बंटवारा अभी तय किया जाना है । हाल में, इस मामले पर 19-7-92 को हुई मुख्य मंत्रियों की अंतराष्ट्रीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया । इन सभी मुद्दों को हल करने के तरीके के बारे में मोटे तौर पर सहमति थी और इस मामले पर संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 17-8-1992 को होने वाली अंतराज्यीय बैठक में और विचार विमर्श किया जाएगा। तथापि, राजस्थान पहले ही लगभग 11 करोड घनमीटर यमुना जल का उपयोग कर रहा है ।

जहां तक गंगा जल का संबंध है, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण ने राष्ट्रीय जल संसाधन विकास के परिप्रेक्ष्य के अधीन हिमालयी नदी विकास घटक का मोटे आधार पर अध्ययन शुरू किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ अधिशेष मानसून जल को गंगा नदी और इसकी पूर्वी सहायक नदियों से राजस्थान के जल की कमी वाले क्षेत्रों में व्यपवर्तित करने की भी परिकल्पना है । उनकी रिपोर्ट आठवीं योजना के अंत तक उपलब्ध हो जाने की आशा है ।

बिहार राज्य अल्पसंख्यक कल्याण समिति द्वारा ज्ञापन

1776. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ शीम अफजल** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मुसलमानों की समस्याओं के संबंध में बिहार राज्य अल्पसंख्यक कल्याण समिति पटना के अध्यक्ष द्वारा दिए गए दिनांक 4 मार्च, 1992 के ज्ञापन का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) सरकार द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) अध्यक्ष, बिहार राज्य अल्पसंख्यक कल्याण समिति द्वारा, पटना की ओर से दिनांक 4 मार्च, 1992 का ज्ञापन कल्याण मंत्रालय को प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए पुस्तक बैंक योजना

1777. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में मैडिकल तथा इंजीनियरिंग कालेजों में अध्ययनरत अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों के लिए चलाई गई पुस्तक बैंक योजना के अंतर्गत कितने विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं ; और

(ख) वर्ष 1991-92 के दौरान इस योजना के लिए गुजरात को कितनी धनराशि आवंटित की गई है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) अनसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए पुस्तक बैंक की केंद्र प्रायोजित योजना के अन्तर्गत गुजरात में